अमर उजाला

बरेली
बृहस्पतिवार, 9 फरवरी 2023
फाल्गुन कृष्ण-चतुर्थी
विक्रम संवत-2079

PAGE NO 09, MIDDLE

मुरादाबाद ने गंगाशील की टीम को हराया

बरेली। पत्रकार क्रिकेटर्स क्लब की ओर से कराए जा रहे टी-20 लीग मैचों में बुधवार को पहला मैच आरके मुरादाबाद और गंगाशील एकेडमी के बीच खेला गया। मुरादाबाद के कप्तान आर्यन जुयाल ने पहले बैटिंग करते हुए 110 रन बनाए। नयन ने 25 और शिवम शर्मा ने 22 रन की पारी खेली।

गंगाशील की टीम 20 ओवर में सात विकेट पर 103 रन ही बना सकी। गंगाशील की ओर से हर्ष राणा ने 39 रन की पारी खेली। शिवम शर्मा ने तीन विकेट झटके। दूसरा मुकाबला एसआरएमएस और एसजी स्पोर्ट्स के बीच हुआ। एसआरएमएस ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए पांच विकेट खोकर 124 रन बनाए।

अनंतवीर ने 40 रन की पारी खेली। एसजी स्पोर्ट्स 113 रन पर ही सिमट गई। एसआरएमएस की ओर से शुभ मिश्रा ने तीन विकेट लिए। क्लब अध्यक्ष सुनील सक्सेना, सचिव प्रशांत रायजादा ने बताया बृहस्पतिवार को टीएमएस और स्टेडियम के बीच पहला मैच खेला जाएगा। संवाद